दिनांकः 14.09.2026 समय : 01:00 पी.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

000

प्रदेश में 309 नगरीय निकायों के चुनावों की मतगणना जारी हैं अब तक की मतगणना में भारतीय जनता पार्टी बढत बनाए हुए हैं राज्य के 10 नगर निगमों में से जयपुर सहित 8 नगर निगमों में भाजपा को बढ़त हैं वहीं पाली में कांग्रेस तथा भरतपुर नगर निगम में निर्दलीय प्रत्याशियों को बढत मिली हैं प्रदेश की 47 नगर परिषदों में से 34 में भाजपा को ज्यादा सीटें मिली हैं, वहीं 12 नगर परिषदों में कांग्रेस को बढत हासिल हैं इसी तरह 252 नगरपालिकाओं में 150 में बीजेपी और 89 में कांग्रेस के प्रत्याशी जीते हैं जयपुर नगर निगम के 150 वार्डों में भाजपा के प्रत्याशी अब तक 43 वार्डों में जीते हैं वहीं 32 में कांग्रेस तथा 5 वार्डों में निर्दलीय प्रत्याशियों को जीत हासिल हुई कोटा के 100 वार्डों में से भाजपा के 60 से अधिक और वहीं कांग्रेस के प्रत्याशी 30 से अधिक वार्डों में बढत बनाए हुए हैं जोधपुर में भाजपा 49 और कांग्रेस 41 सीटों में आगे चल रही है, वहीं अजमेर में कांग्रेस 37 और भाजपा 32 सीटों पर आगे चल रही हैं बीकानेर में 80 वार्डों में से बीजेपी 52 सीटों पर तथा कांग्रेस 20 सीटों पर आगे चल रही हैं फिलहाल मतों की गणना जारी हैं

000

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि देश में कई भाषाओं का होना देश की सबसे बड़ी ताकत हैं आज हिंदी दिवस पर एक वीडियो संदेश साझा करते हुए उन्होंने कहा कि हिंदी भाषा किसी दूसरी भाषा की प्रतिद्वंद्वी नहीं, बल्कि राष्ट्रीय एकता को जोड़ने वाली एक महत्वपूर्ण कड़ी हैं उन्होंने कहा कि औपनिवेशिक मानसिकता से बाहर निकलने में भाषा महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं श्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हिंदी और अन्य सभी भाषाएँ तकनीकी विकास के सुनहरे दौर में हैं श्री शाह ने कहा कि मौजूदा समय में एआई भारतीय भाषाओं के आसान अनुवाद के अवसर दे रहे हैं नई शिक्षा नीति के बारे में बात करते हुए, श्री शाह ने कहा कि नई शिक्षा नीति में भी मातृभाषा को शिक्षा के केंद्र में रखा गया है और इंजीनियरिंग तथा चिकित्सा की पढ़ाई कई भारतीय भाषाओं में हो रही हैं

000

प्रदेश में गणेश चतुर्थी का पर्व आज श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा हैं शहरों से लेकर गांवों तक गणेश प्रतिमाओं की स्थापना के साथ मंदिरों में विशेष पूजा–अर्चना और आरती का दौर चल रहा हैं गणपति बप्पा के जयकारों से माहौल भक्तिमय बना हुआ हैं जयपुर के मोती डूंगरी स्थित गणेश मन्दिर में दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं की लम्बी कतारें लगी हुई हैं सवाईमाधोपुर में रणथम्भौर त्रिनेत्र गणेश मेले में श्रद्धा और उल्लास का माहौल बना हुआ हैं

पाली में गणेश यात्राएं निकाली जा रही हैं, जबकि भरतपुर में दो सौ से अधिक पंडालों में गणेश प्रतिमाओं की स्थापना की जा रही हैं बाड़मेर और विराटनगर में भी प्रमुख गणेश मंदिरों में मेले और धार्मिक आयोजन हो रहे हैं

0000

प्रदेश में आज 36 जिलों में तेज बारिश का अलर्ट जारी किया गया हैं मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी में बने कम दबाव के क्षेत्र का प्रभाव 16 सितम्बर तक रहने का अनुमान हैं इसके प्रभाव से दक्षिणी और दक्षिण–पूर्वी राजस्थान में बारिश की गतिविधियां बनी रह सकती हैं इससे पहले पिछले 24 घंटे में बांसवाड़ा, डूंगरपुर, चित्तौड़गढ़, प्रतापगढ़ और सलूम्बर में कहीं–कहीं मध्यम से भारी बारिश हुई बांसवाड़ा के लोहारिया और डूंगरपुर के सागवाड़ा में

10–10 सेंटीमीटर बारिश दर्ज की गईं वहीं, पश्चिमी राजस्थान में गर्मी का असर बना हुआ हैं कल श्रीगंगानगर में 39 दशमलव 9 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान दर्ज किया गयां

000

प्रदेश में नशे के कारोबार को ध्वस्त करने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत मादक पदार्थों की तस्करी से अर्जित 73 करोड़ 64 लाख रूपये से ज्यादा की चल और अचल संपत्तियां कुर्क, फ्रीज और सीज की गई हैंएंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स के आईजी विकास कुमार ने बताया कि एनडीपीएस एक्ट की धारा 68–एफ के तहत चलाए जा रहे विशेष अभियान में यह कार्रवाई की गई हैं

उन्होंने बताया कि आदतन और कुख्यात तस्करों के खिलाफ 63 इस्तगासे सक्षम प्राधिकारी को भेजे गए थे, जिनमें से 38 मामलों में कुर्की और जब्ती के अंतिम आदेश स्वीकृत हो चुके हैं 25 मामलों में विधिक प्रक्रिया अंतिम चरण में हैं कार्रवाई के तहत तस्करों के मकान, निर्माणाधीन दुकान, कृषि भूमि, आवासीय भूखंड और वाहनों को चिन्हित कर कार्रवाई की गई हैं चित्तौड़गढ़, झालावाड़, बारां, प्रतापगढ़, जोधपुर ग्रामीण, नागौर और बीकानेर सहित कई जिलों में ये कार्रवाई हुई हैं

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 27 सितम्बर को आकाशवाणी के ''मन की बात'' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगें ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 138वीं कड़ी होगीं इसके लिए श्रोता अपने सुझाव टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 पर भेज सकते हैं नरेन्द्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी विचार भेजे जा सकते हैं ये सुझाव 25 सितम्बर तक स्वीकार किए जाएंगें

000